This question paper contains 4+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

7019

Concurrent Course for Hons. Prog. **E**

समवर्ती ऑनर्स प्रोग्राम पाठ्यक्रम

HINDI LANGUAGE (Higher)—Qualifying Course

हिंदी भाषा (उच्चतर) – योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

Note :— The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the school of Open Learning for the B.A. (Hons.). These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में एवं

टिप्पणियाँ लगभग 150 शब्दों में लिखिये।

P.T.O.

खण्ड 'क'

1. हिंदी भाषा के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

हिंदी भाषी क्षेत्रों का सामान्य परिचय दीजिए। 6

2. राष्ट्रभाषा हिंदी की स्थिति पर प्रकाश डालिए।

अथवा

मानक भाषा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 6

3. संचार माध्यमों से आप क्या समझते हैं ? उसके प्रमुख प्रकारों का परिचय दीजिए।

अथवा

'एफ.एम. रेडियो ने मनोरंजन की नयी भाषा गढ़ी है' – सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 6

4. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिये : 12

(क) संपर्क भाषा

(ख) समाचार-पत्रों में बाजार भाव की भाषा

(ग) प्रारूपण

(घ) विज्ञापनों की हिंदी

(ङ) फीचर लेखन की भाषा।

खण्ड 'ख'

5. अपने क्षेत्र की सड़कों की दुर्दशा को सुधारने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिये। 4

अथवा

समाचार वाचक के पद हेतु स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।

6. (क) किन्हीं **चार** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 2

Bona fide, Fiscal year, Dividend, Currency, Cash-sheet, Bureaucracy, Honorarium, Autograph.

(ख) किन्हीं **चार** प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 2

(*i*) Application may be rejected

(*ii*) As per details below

(*iii*) I agree

(*iv*) Kindly acknowledge

(*v*) Seen and returned

(*vi*) The matter is still under consideration

(*vii*) Please speak

(*viii*) Issue reminder urgently

(ग) किन्हीं **चार** मुहावरों-लोकोक्तियों के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 2

(*i*) Beggars should not be choosers

(*ii*) Empty vessels make much noise

(*iii*) To freeze out

(*iv*) Brain drain

(*v*) To look blank

(*vi*) Mind one's own business

7. 'वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं' का पल्लवन कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए : 4

साहित्य की रचना समाज पर आधारित रहती है। समाज के विभिन्न रूपों से प्रेरणा प्राप्त करने के पश्चात् ही साहित्यकार साहित्य की रचना करता है। जिस प्रकार समाज से पृथक् रहकर उत्कृष्ट साहित्य की रचना नहीं की जा सकती, उसी प्रकार समाज भी साहित्य से पृथक् नहीं रह सकता। साहित्य में समाज के यथार्थ को जो आदर्शवादी अभिव्यक्ति प्रदान की जाती है, उसके अभाव

में यथार्थ की स्थिति निरंतर विकृत हो सकती है। वास्तव में समाज साहित्य से प्रेरणा लेकर ही अपना सुधार कर सकता है।

8. किसी **एक** विषय पर लगभग **250** शब्दों में निबंध लिखिये : 6

(क) पर्यावरण सुरक्षा

(ख) जीवन में हास्य का महत्व

(ग) आतंकवाद

(घ) शिक्षा की चुनौतियाँ।